बिहार राज्य भंडार निगम

बी–2, प्रथम तल, मौर्यलोक परिसर, पटना–1

उत्पाद सुरक्षा समृद्धि

आवश्यक सूचना

बिहार राज्य भंडार निगम अन्तर्गत सचिव एवं उप महाप्रबंधक (व्यवसाय) के पद पर कार्य करने हेतु बिहार सरकार अन्तर्गत बिहार प्रशासनिक सेवा के उप समाहर्त्ता/ उप सचिव/अपर समाहर्त्ता/संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ/बिहार कृषि सेवा के शष्य कोटि, रसायन कोटि, अभियंत्रण कोटि, पौधा संरक्षण कोटि, उद्यान कोटि एवं सांख्यिकी कोटि से सेवानिवृत संयुक्त निदेशक के पद से सेवानिवृत्त तथा उप महाप्रबंधक (वित्त) हेतु राज्य कर आयुक्त/संयुक्त कर आयुक्त एवं उच्च स्तर पद से सेवानिवृत्त पदाधिकारियों का पैनल निगम स्तर पर निर्माण कर उसी पैनल से निगम स्तरीय समिति के माध्यम से आवश्यकतानुसार संविदा पर नियोजन किया जाना है। संविदा आधारित नियोजन बिहार सरकार, सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या–10000 दिनांक 10.07.2015 एवं संबंधित अनुवर्ती परिपत्र/निदेश के आलोक में किया जायेगा। अतएव बिहार राज्य भंडार निगम (पता– बी–2, प्रथम तल, मौर्यलोक, पटना–01) उपर्युक्त कोटि के पदाधिकारियों जिनकी आयु दिनांक 01.01.2024 को 62 वर्ष से कम हो, से पैनल निर्माण के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन ऑनलाईन अथवा निबंधित डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित करता है।

1) विहित प्रपत्र इस निगम के विभागीय वेबसाईट www.bswc.co.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर उपलब्ध है।
2) आवेदन पत्र निगम के वेबसाईट www.bswc.co.in पर ऑनलाईन अथवा निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से बिहार राज्य भंडार निगम, बी–2, प्रथम तल, मौर्यलोक, पटना 800001 में समर्पित किया जा सकता है। समाचार पत्रों में यह विज्ञप्ति प्रकाशित होने के एक सप्ताह के पश्चात 15 (पन्द्रह) कार्य दिवसों के अन्दर उक्त माध्यम से विहित प्रपत्र में उपर्युक्त पदवार प्राप्त आवेदनों पर ही विचार किया जायेगा।
3) **यदि पूर्व में उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन किया गया हो तथा आवेदक वर्त्तमान अर्हत्ताओं को धारित करते हो तो ऐसी स्थिति में आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी।**
4) पैनल हेतु पात्रता/अहर्ता के संबंध में निगम के उक्त वेबसाईट पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
5) विस्तृत जानकारी हेतु विभागीय वेबसाईट www.bswc.co.in के HRD Link का अवलोकन किया जाए।
6) प्रासंगिक संदर्भ में अन्य कोई जानकारी हेतु बिहार राज्य भंडार निगम के दुरभाष संख्या 0612–2225324 पर उक्तावधि में कार्यालय कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रबंध निदेशक

15/2/24